संख्या– 37 /USDMA-804 (2020)

प्रेषक,

सचिव,
आपदा प्रबन्धन एवं पुर्नवास विभाग
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

सचिव,
गृह विभाग
उत्तराखण्ड शासन।

यू0एस0डी0एम0ए0 देहरादूनः दिनांकः 11 अप्रैल, 2020

विषय– **कोरोना वायरस के दृष्टिगत Home Quarantine किये गये व्यक्तियों के मोबाइल नम्बरों की निगरानी किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक संचार मंत्रालय, भारत सरकार के पंत्राक संख्या–Covid/SA/2019-20 दिनांक 29 मार्च, 2020 तथा इस कार्यालय के पत्र संख्या–338/USDMA-804(2020) दिनांक 31 मार्च, 2020 का संज्ञान ग्रहण करने का कष्ट करें।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत करवाया जाना है कि संचार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी की गयी SOP (Standard Operating Procedure) के अर्न्तगत Indian Telepraph Act की धारा–5(2) का उपयोग करते हुये Covid-19 के दृष्टिगत Home Quarantine किये गये व्यक्तियों के मोबाइल नम्बरों की निगरानी किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(अमित सिंह नेगी)
सचिव।

संख्या/दिनांक उपरोक्तानुसार
प्रतिलिपिः निजी सचिव, मुख्य सचिव, को मुख्य सचिव महोदय के संज्ञानार्थ ।

(अमित सिंह नेगी)
सचिव।

महत्वपूर्ण

संख्या– 36 /USDMA-801(2020)

प्रेषक,

मुख्य सचिव
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1. पुलिस महानिदेशक, उत्तराखण्ड।
2. समस्त अपर मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
3. समस्त प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
4. आयुक्त, कुमायूँ एवं गढ़वाल मण्डल।
5. पुलिस महानिरीक्षक, राज्य आपदा प्रतिवादन बल, उत्तराखण्ड।
6. समस्त विभागाध्यक्ष, उत्तराखण्ड।
7. समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
8. समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, समस्त जनपद, उत्तराखण्ड।

यू.एस.डी.एम.ए. देहरादून:दिनांकः 11 अप्रैल, 2020

विषय– कोरोना वायरस के दृष्टिगत भारत सरकार द्वारा विकसित किये गये आरोग्य सेतु ऐप्लीकेशन का अधिकाधिक प्रचार–प्रसार किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि भारत सरकार द्वारा कोरोना वायरस (Covid-19) के संक्रमण के जोखिम के निर्धारण हेतु जन–साधारण के उपयोगार्थ आरोग्य सेतु (Aarogya Setu) मोबाइल एप्लीकेशन का विकास किया गया है जिसे एंनड्रोइड (Android) फोन के लिये गूगल प्ले (Google Play) से तथा आई.ओ.एस. (IoS) फोन के लिये एप्पल एप्प स्टोर (Apple App Store) से डाउनलोड किया जा सकता है और यह ऐप्लीकेशन हिन्दी व अंग्रेजी सहित 11 विभिन्न भाषाओं में उपलब्ध है।

यह एप्लीकेशन उपयोगकर्ताओं को उच्च कोरोना वायरस संक्रमण क्षेत्रों के समीप होने पर चेतावनी देता है और इसके द्वारा संक्रमण के फैलाव को नियंत्रित किया जा सकता है।

अतः विभिन्न माध्यमों से आरोग्य सेतु मोबाइल ऐप्लीकेशन का प्रचार–प्रसार किये जाने तथा इसके उपयोग हेतु जन–साधारण को प्रोत्साहित किये जाने हेतु सम्बन्धितों को निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(उत्पल कुमार सिंह)
मुख्य सचिव

संख्या एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. महानिदेशक, सूचना एवं लोक सम्पर्क निदेशालय, देहरादून।
2. जनपद आपदा प्रबन्धन अधिकारी, समस्त जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, उत्तराखण्ड।
3. सम्बन्धित पत्रावली।

(उत्पल कुमार सिंह)
मुख्य सचिव